# भा.कृ.अ.प.- राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार (हरियाणा)

फा. संख्या : 21-620/S&P/23-24

**नीलामी-सूचना**

राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार की फार्म उपज गेहूँ दाना मात्रा लगभग 550 क्विंटल व सरसों दाना मात्रा लगभग 280 क्विंटल जैसे है जँहा है के आधार पर नीलामी हेतु मोहरबंद निविदाएं दिनाक 19.05.2025 समय दोपहर 02.30 बजे तक आंमत्रित की जाती हैं । नीलामी की विस्तृत जानकारी केन्द्र की वेबसाईट **http://nrce.gov.in** पर उपलब्ध है।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

# भा.कृ.अ.प.- राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार (हरियाणा)

फा. संख्या : 21-620/S&P/23-24 दिनाक : 06.05.2025

## गेहूँ एवम् सरसों दाना की नीलामी-सूचना

राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार की फार्म उपज गेहूँ दाना मात्रा लगभग 550 क्विंटल व सरसों दाना मात्रा लगभग 280 क्विंटल जैसा है जँहा है के आधार पर की नीलामी हेतु मोहरबंद निविदांए दिनाक 19.05.2025 समय दोपहर 02.30 बजे तक आंमत्रित की जाती हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र आरम्भ होने की तिथि | : | 07.05.2025 |
| निविदा बन्द होने की तिथि व समय | : | 19.05.2025 दोपहर 1.00 बजे । |
| निविदा जमा / प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एंव समय | : | 19.05.2025 दोपहर 02.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एंव समय | : | 19.05.2025दोपहर 03.00 बजे। |

नोटः- निविदा प्रपत्र संबंधित विवरण नियम व शर्ते इस संस्थान की वेबसाईट **http://nrce.gov.in** से डाउनलोड कर या संस्थान के क्रय अनुभाग से प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व या निश्चित समय तक संस्थान के प्रांगण में रखे बॉक्स में जमा कर सकते हैं।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

फार्म उपज गेहूँ दाना मात्रा लगभग 550 क्विंटल व सरसों दाना मात्रा लगभग 280 क्विंटल **जैसा है जँहा है के आधार पर की नीलामी के नियम व शर्ते**

1. **धरोहर राशि** : फार्म उपज गेहूँ दाना मात्रा लगभग 550 क्विंटल के लिए इच्छुक निविदा कर्ता रूपये 40,000/- (रूपये चालीस हजार मात्र) एवम् फार्म उपज सरसों दाना मात्रा लगभग 280 क्विंटल के लिए राशि रूपये 50000/- (रूपये पचास हजार मात्र) राष्ट्रीय अधिकृत बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट (Demand Draft) के रूप में जो कि 'ICAR Unit-NRCE, Hisar' के नाम देय हो धरोहर राशि के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी। धरोहर राशि इस केंद्र के बैंक खाते में सीधे जमा / स्थानान्तरित की जा सकती हैं तथा निविदा के साथ उसका साक्ष्य लगाना होगा । संस्थान का बैंक खाता इस प्रकार से Bank Name-SBI, Account Name-National Research Centre on Equines, Account No.10440797032, IFSC code-SBIN0005700.
2. फर्म उपज गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की नीलामी की प्रकिया निविदा आधार पर जैसे है जंहा है के आधार पर अलग-अलग लॉट में होगी । लॉट के अनुसार गेहूँ दाना की मात्रा लगभग 550 क्विंटल एवम् सरसों दाना की मात्रा लगभग 280 क्विंटल है।
3. निविदा पूर्ण विवरण सहित भरी जानी चाहिए। अधूरी, कांट-छांट की गई और अस्पष्ट निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की दर को भरते समय दर अंको एंवम् शब्दों में स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य है। अगर अंको व शब्दों में लिखित राशि भिन्न हैं तो शब्दों में लिखित राशि ही मान्य होगी। निविदा राशि पर निर्धारित दर से जी. एस.टी का भुगतान (यदि लागू हो तो) अतिरिक्त रूप से करना होगा ।
4. निविदा सीलबंद लिफाफे में 19.05.2025 दोपहर 02.30 बजे तक स्वागत कक्ष में रखे बाक्सॅ में डाली जा सकती है या फिर डाक द्वारा सहायक प्रशासनिक अधिकारी (क्रय), राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, सिरसा रोड, हिसार-125001 (हरियाणा) को भेजी जा सकती हैं । डाक सम्बंधी विलम्ब के लिए इस कार्यालय की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। निविदा पत्र के लिफाफे के उपर गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की नीलामी के लिए निविदा क्रमांक एवम् अंतिम दिंनाक 19.05.2025अवश्य लिखें। निविदांए खोलने की निर्धारित दिंनाक 19.05.2025 दोपहर 03.00 बजे के अनुसार गठित समिति के द्वारा समिति कक्ष में इच्छुक बोली दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।
5. अधिकतम सफल बोलीदाता को नीलामी की पूरी राशि सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त 7 दिन के अन्दर ज़मा करनी होगी। यदि इस समय सीमा के अन्दर धन राशि जमा नही कर सके तो नीलामी के लिए जमा करवाई गई धरोहर राशि भी जब्त कर ली जायेगी और गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की नीलामी दोबारा की जायेगी तथा बोलीदाता भविष्य में एक साल तक नीलामी के लिए बोली देने का हकदार नही होगा। जब तक पूरी राशि जमा नही होगी गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना उठाने नही दिया जायेगा। राशि जमा करवाने के पश्चात ही माल उठाने दिया जाएगा। नीलामी का माल 10 दिन के अन्दर अन्दर सफल बोलीदाता को अपने जोखिम और कीमत पर लादकर स्वयं के ट्रक/ट्रेक्टर-ट्राली आदि से ले जाना होगा तथा गेट पास से ही बाहर जाने दिया जायेगा। समय सीमा के बाद माल नही ले जाने दिया जायेगा।
6. सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि केन्द्र में जमा रहेगी तथा कुल नीलामी/बोली राशि में समायोजित नहीं किया जायेगा। धरोहर राशि नीलामी कार्य के संतोषजनक पूर्ण होने के बाद लौटा दी जाएगी बशर्ते

कि सफल निविदाकर्ता द्वारा केंद्र में किसी प्रकार का नुकसान न किया हो या फिर नुकसान की भरपाई कर दी गई हो ।

7. सफल/अधिकतम निविदादाता के अतिरिक्त अन्य निविदादाताओ की धरोहर राशि को लौटा दिया जायेगा।
8. प्रस्तुत की गई निविदा हस्ताक्षर युक्त होनी चाहिए। बिना हस्ताक्षर के निविदा मान्य नहीं होगी।
9. निविदाकर्ता को नीलामी में भाग लेने के लिए पैन कार्ड व जी.एस.टी. पंजीकरण की प्रति धरोहर राशि जमा करवाने के आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।
10. बोली जिस निविदाकर्ता के नाम छोड़ी जायेगी, उसी को माल ले जाँने दिया जायेगा तथा उसी निविदाकर्ता के नाम से गेट पास जारी होगा व हस्ताक्षर भी उन्हें ही या फिर उनके अधिकृत प्रतिनिधि को करने होगें।
11. सफल निविदाकर्ता को सभी संबंधित विभागों से आवश्यक इजाजत/लाईसैंस (यदि लागू हो तो) अपने खर्च पर स्वयं लेना होगा इसके लिए संस्थान की किसी प्रकार की काई जिम्मेदारी नही होगी।
12. बोली स्वीकार होने पर गेहूँ दाना या सरसों दाना या दोनों की कुल कीमत की 25 प्रतिशत राशि मौके पर जमा करनी होगी तथा 10 दिन के अन्दर केन्द्र के गादाम / फार्म से माल उठाकर व तुलाई करवाकर शेष राशि जमा करवा कर ले जाना होगा। समय पर माल नही ले जाने पर रू 2000 /- प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देना होगा।
13. माल समय पर नही उठाने की स्थिति में तथा दाने की तुलाई, भराई, लोड करना व ले जाने आदि कार्य के दौरान केन्द्र का नुकसान होने पर खरीददार की जिम्मेदारी होगी तथा नुकसान की भरपाई खरीददार द्वारा करनी होगी।
14. दाने की तुलाई, भराई, लोड करना साधन व्यवस्था तथा अन्य खर्चे खरीददार को स्वंय उठाने होगें।
15. माल को कार्य दिवस के दौरान सुबह 9.00 बजे से सांय 5.30 बजे तक ही बाहर ले जाने की अनुमति होगी।
16. गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की ढुलाई में लगाये गये श्रमिकों का पूर्ण विवरण नाम, पता तथा कुल संख्या आदि निविदाकर्ता को लिखित रूप में देनी होगी। ढुलाई के दौरान श्रमिकों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर इसका जिम्मेदार निविदाकर्ता होगा। इस बारे में हर प्रकार के क्लेम, बीमा व ई0एस0आई0 इत्यादि भी निविदाकर्ता को भरने होगें।
17. इच्छुक व्यक्ति/निविदाकर्ता किसी भी कार्य दिवस के दौरान 9.00 बजे से सांय 5.30 बजे तक गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना को देख सकते है और इस संदर्भ में प्रभारी कृषि फार्म अनुभाग से मिलें। (मोबाईल नं. 9813197177)
18. नीलामी को बिना किसी कारण के रद्द करने का अधिकार इस केन्द्र के निदेशक के पास सुरक्षित हैं।
19. जिस निविदाकर्ता को उपरोक्त शर्ते मंजूर नही होगी उसकी नीलामी स्वीकार्य नही होगी।
20. निदेशक महोदय की स्वीकृति के बाद ही नीलामी पूर्ण मानी जायेगी तथा अंतिम निर्णय निदेशक, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार का ही सर्वमान्य होगा।
21. नीलामी से सम्बधित किसी भी प्रकार के विवाद का क्षेत्र हिसार रहेगा।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

# भा.कृ.अ.प.- राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार (हरियाणा)

फ़ाइल संख्या : 21-620/S&P/23-24

गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की निविदा दर/ बोली प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र

Check list of documents must be attached with Tender
(Last date and Time for Submission of Tender 19.05.2025 upto 2.30 p.m.)

| क्र.स. | दस्तावेज / कागजात जो निविदा के साथ सलग्न किये जाने आवश्यक है | विवरण | निविदा के संलग्न किये गये/संलग्न नहीं किये गये |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदाकर्ता का नाम व पता और मोबाइल नंबर | | |
| 2. | गेहूँ दाना के लिए बिड सिक्युरिटी रुपये 40,000/- (रूपये छतीस हजार मात्र)<br><br>1. गेहूँ दाना मात्रा लगभग 550 क्विंटल | ड्राफ्टः Demand Draft) No. ______________<br>Dated_________________for<br>Rs. 40,000/- (Rs. Forty thousand only)<br>OR<br>UTR No.............................................<br>Dt. | |
| 3. | सरसों दाना के लिए बिड सिक्युरिटी रुपये 50,000/- (रूपये छतीस हजार मात्र)<br><br>1. सरसों दाना मात्रा लगभग 280 क्विंटल | ड्राफ्टः Demand Draft) No. ______________<br>Dated_________________for<br>Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only)<br>OR<br>UTR No.............................................<br>Dt. | |
| 4. | निविदा के नियम व शर्तों की हस्ताक्षरयुक्त प्रतिलिपि सलंग्न करें | | हाँ / नहीं |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | आयकर विभाग द्वारा जारी पेन संख्या लिखें एवं पेन प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि सलंग्न करें | हाँ / नहीं |
| 6. | पहचान का वैलिड फोटो युक्त आई . डी प्रूफ अवश्य सलंग्न करें सलंग्न करें | हाँ / नहीं |
| 7. | निवास स्थान का वैलिड प्रमाण पत्र पूर्ण पता के लिए (एड्रेस प्रूफ)सलंग्न करें | हाँ / नहीं |
| 8. | जी.एस.टी. का पंजीकृत नं० प्रतिलिपि (यदि हो तो) सलंग्न करें | हाँ / नहीं |
| 9. | Bank detail of bidder | Name : ____<br>Bank account No..: ____<br>Name of Bank : ____<br>Branch : ____<br>IFSC Code : ____ |

निविदादाता के हस्ताक्षर ..........................................

नाम ............................ ................................

मोबाइल नं.......................................................

ईमेल id ..........................................................

# भा.कृ.अ.प.- राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, हिसार (हरियाणा)

फ़ाइल संख्या : 21-620/S&P/23-24

गेहूँ दाना एवम् सरसों दाना की निविदा दर/ बोली प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र

| क्रम संख्या | फसल का विवरण | नीलामी दर / बोली **प्रति क्विंटल** (in Rupees /रुपये में) ( गेहूँ एवम् सरसों दाना की नीलामी हेतु निविदा में लगाई जाने वाले राशि / दर बोली संबंधित कॉलम में अंको तथा शब्दों में दोनों अंकित किया जाना है। |
|---|---|---|
| 1 | गेहूँ दाना के लिए बिड दर **प्रति क्विंटल** (गेहूँ दाना मात्रा लगभग 550 क्विंटल) | अंको में रु० ____________________<br><br>शब्दों में रु० ____________________<br>____________________<br><br>उपरोक्त राशि पर निर्धारित दर से जी .एस.टी का भुगतान अतिरिक्त रूप से करूँगा (यदि लागु होगा ) |
| 2. | सरसों दाना के लिए बिड दर **प्रति क्विंटल** **(**सरसों दाना मात्रा लगभग 280 क्विंटल **)** | अंको में रु० ____________________<br><br>शब्दों में रु० ____________________<br>____________________<br><br>उपरोक्त राशि पर निर्धारित दर से जी .एस.टी का भुगतान अतिरिक्त रूप से करूँगा (यदि लागु होगा ) |

Signature of Bidder......................................

Name of the bidder / firm (with seal) and address,

____________________

____________________

____________________

Mobile No.____________________